दान में पीछे नहीं यूपी के उद्योगपति

हुरुन इंडिया- एडेलगिव की परोपकारी सूची : 12 उद्यमियों ने एक साल में 250 करोड़ रुपये परोपकार पर खर्च किए

लखनऊ। परोपकार और समाज सेवा में यूपी के कई उद्योगपतियों ने अपनी जगह बनाई है। अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह हुरुन इंडिया-एडेलगिव की ओर से जारी सूची के अनुसार लखनऊ के एपको इंफ्राटेक के विनोद कुमार सिंह और अनिल कुमार सिंह ने 9 करोड़ रुपये दान किए। जेके सीमेंट के माधव सिंघानिया और राघवपत सिंघानिया ने 8-8 करोड़ रुपये दिए।

इसके अलावा सूची में दर्ज नामों में यूपी से जुड़े करीब आठ कारोबारियों के आफिस दिल्ली, गुड़गांव और बंगलुरु में हैं। इस आधार पर यूपी के करीब 12 उद्योगपतियों ने पिछले एक वर्ष में करीब 250 करोड़ परोपकार पर खर्च किए।

देश भर के दानवीर कारोबारियों ने इस अवधि में 8783 करोड़ समाजसेवा में लगाए। परोपकार पर दौलत खर्च करने वाले भारतीय उद्योगपतियों की ताजा सूची में 96 नए नाम शामिल हैं। इनमें युवाओं की संख्या अच्छी खासी है। दानवीरों की इस सूची में 21 महिलाएं भी हैं। ब्यूरो

- *व्यक्तिगत रूप से दान करने वाले उद्यमियों की संख्या 10 से बढ़कर 18 हो गई।*
- *पिछले पांच वर्ष में सालाना 100 करोड़ रुपये से ज्यादा दान करने वाले 12 से बढ़कर 30 हो गए।*
- *50 करोड़ से ज्यादा दान करने वाले 25 से बढ़कर 61 हो गए। 10 करोड़ रुपये सलाना दान करने वालों की संख्या भी 80 से बढ़कर 117 हो गई।*

ये सबसे आगे

अनिल सिंह
एपको इंफ्राटेक

विनोद सिंह
एपको इंफ्राटेक

माधव सिंघानिया
जेके सीमेंट

राघवपत सिंघानिया
जेके सीमेंट

शिव नाडर देश में सबसे बड़े दानवीर



इस साल भी एचसीएल के संस्थापक शिव नादर देश के सबसे बड़े दानवीर रहे। उन्होंने 2153 करोड़ रुपये दान किए। दूसरे नंबर पर 407 करोड़ दान कर मुकेश अंबानी हैं। जेरोधा के 38 वर्षीय निखिल कामथ सबसे युवा परोपकारी के रूप में उभरे हैं। सबसे बड़ी ग्रोथ हरीश शाह की रही है। उन्होंने 78 करोड़ दान किए और 22वीं रैंक हासिल की।

8783 करोड़ रुपये देश भर के कारोबारियों ने समाजसेवा में लगाए

इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा दान

सेक्टर	धनराशि
शिक्षा	3680 करोड़
स्वास्थ्य	626 करोड़
ग्रामीण विकास	331 करोड़
पर्यावरण	177 करोड़
इकोसिस्टम निर्माण	202 करोड़
रिसर्च एंड डेवलपमेंट	201 करोड़
सामाजिक विकास	184 करोड़
गरीबी उन्मूलन	143 करोड़